# KNOWLEDGE HUB

## Weekly Current Affairs
## (February IV , 2020 )

## ✺राष्ट्रीय

* भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना ।

* सिद्धार्थ शुक्ला टेलीविजन रियलिटी शो बिग बॉस सीजन - 13 के विजेता बने ।

* वयोवृद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक जी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नवगठित वाणिज्यिक इकाई न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड का अध्यक्ष नामित किया गया ।

* वरिष्ठ आइएएस अधिकारी राजीव बंसल को राष्ट्रीय वाहक एयर इंडिया का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नामित किया गया ।

* इस महीने के अंत में खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2020 की मेजबानी लद्दाख और जम्मू और कश्मीर करेंगे ।

* हर साल 13 फरवरी को सरोजिनी नायडू के जन्मदिन को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

* द एनर्जी रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के पूर्व अध्यक्ष और महानिदेशक राजेंद्र कुमार पचौरी का निधन ।

* गाजियाबाद पुलिस ने ऑपरेशन नकेल लॉन्च किया । इसके तहत सभी ऑटो रिक्शा चालकों की पहचान सत्यापित की जाएगी और उन्हें चार अंकों का एक यूनिक नंबर आवंटित किया जाएगा ।

* आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने ।

* हैदराबाद में बायो - एशिया समिट 2020 का शुभारंभ हुआ ।

* भारतीय मूल के आलोक शर्मा ब्रिटेन में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन का नेतृत्व करेंगे ।

* भारत के दो स्टार स्क्वैश खिलाड़ी सौरव घोषाल और जोशन चिनप्पा चेन्नई में हुई 77 वी सीनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप के पुरुष और महिला वर्ग में जीत हासिल की ।

* अतुल कुमार गुप्ता को वर्ष 2020 - 21 के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का नया अध्यक्ष चुना गया ।

* द बैंकर्स टॉप 500 बैंकिंग ब्रांड्स 2020 रिपोर्ट के अनुसार इंडसइंड बैंक ब्रांड मूल्य में सबसे ज्यादा वृद्धि के मामले में दुनिया भर के बैंकों की सूची में सबसे ऊपर है ।

* इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने कोरोना वायरस के चलते वर्ष 2020 के वैश्विक विकास पूर्वानुमान को 2.3 फीसद से घटाकर 2.2 फीसद कर दिया ।

* नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ( एनसीबी ) ने नई दिल्ली में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के संबंध में दो दिवसीय बिम्सटेक सम्मेलन का आयोजन किया ।

* पंद्रहवें वित्त आयोग ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा पर विचार के लिए पैनल का गठन किया है । इस पैनल की अध्यक्षता पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह कर रहे है । इस पैनल में व्यय सचिव टी वी सोमनाथन , रक्षा सचिव अजय कुमार , वित्त आयोग सदस्य एएन झा और गृह मामलों के सचिव अजय भल्ला शामिल हैं ।

* मशहूर भारतीय फैशन डिजाइनर और वर्ष 2014 में पद्मश्री से सम्मानित वेंडेल रॉड्रिक्स का निधन ।

* भारत सरकार ने पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज के सम्मान में दो संस्थानों प्रवासी भारतीय केंद्र और विदेशी सेवा संस्थान का नाम उनके नाम पर रखने का फैसला किया है ।

* भारत की पुनर्बीमा कंपनी जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने रूस में पुनर्बीमा व्यवसाय शुरू करने के लिए रूसी संघ के सेंट्रल बैंक से लाइसेंस प्राप्त किया।

* भारत का सबसे बड़ा वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क मुंबई में स्थापित किया जाएगा।

* साउथ इंडियन बैंक को भारतीय बैंक संघ द्वारा स्थापित बैंकिंग प्रौद्योगिकी 2019 पुरस्कारों में दो पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।

* साउथ इंडियन बैंक , टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की श्रेणी में सबसे अधिक ग्राहक आकर्षित करने में विजेता बना और छोटे बैंकों के बीच सर्वश्रेष्ठ भुगतान पहल की श्रेणी में उप विजेता रहा।

* वित्त मंत्रालय ने एक रुपये के करेंसी नोट का मुद्रण नियम , 2020 को अधिसूचित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय

* भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन के नए वित्त मंत्री बने।

* पूर्व भारतीय ऑल राउंडर क्रिकेटर रॉबिन सिंह को संयुक्त अरब अमीरात के नए क्रिकेट निदेशक बने।

* बायोएशिया 2020 ने जीनोम वैली एक्सिलेंस अवार्ड की घोषणा की।

* अमेरिकी प्रतिरक्षा विज्ञानी और ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ . कार्ल एच जून और नोवार्टिस के सीईओ डॉ . वसंत नरसिम्हन को लाइफ साइंस में उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

* कोरोना वायरस प्रकोप के चलते बार्सिलोना में होने वाले विश्व के सबसे बड़े वार्षिक टेलीकॉम कार्यक्रम मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस रद्द कर दिया गया।

* 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया गया।

* 14 फरवरी को विश्व यूनानी दिवस मनाया गया।

* 15 फरवरी को विश्व पैंगोलिन दिवस मनाया गया ।

* 15 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस मनाया गया ।

## ✰ बाफ्टा पुरस्कार - 2020 : एक नजर

1 . बेस्ट फिल्म , विजेता - 1917

2 . आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म - 1917 3 . आउटस्टैंडिंग डेब्यू बाय ए ब्रिटिश राइटर , डायरेक्टर एंड प्रोड्यूसर वजेता - मार्क जेनकिन ( राइटर / डायरेक्टर ) , केट बायर्स , लिन वाइट ( प्रोड्यूसर ) ( मूवीः बैट )

4 फिल्मा नोट इन द इंग्लिश लैंग्वेज ,विजेता - पैरासाइट

5 . डाक्यूमेंट्री , विजेता - फॉर सामा

6 . एनिमेटेड फिल्म , विजेता - क्लाउज

7 . डायरेक्टर , विजेता - सैम मेंडेस ( 1917 )

8 . ओरिजिनल स्क्रीनप्ले , विजेता - हान जिन वोन , बोंग जून हो ( पैरासाइट )

9 . अडेपटेड स्क्रीनप्ले , विजेता - जोजो रेबिट

10 . लीडिंग एक्ट्रेस , विजेता - रेनी जेल्वेगर ( जूडी )

11 . लीडिंग एक्टर , विजेता - जॉकिन फोनिक्स

12 . सपोर्टिंग एक्ट्रेस , विजेता - लौरा डर्न ( मैरेज स्टोरी )

13 . सपोर्टिंग एक्टर , विजेता - ब्रैड पिट ( वंस अपॉन ए टाइम इन हॉलावुड )

14 . ओरिजिनल स्कोर , विजेता - जोकर

15 . कास्टिंग , विजेता - जोकर

16 . सिनेमेटोग्राफी , विजेता - 1917

17 . एडिटिंग , विजेता - ली मैंस ' 66

18 . प्रोडक्शन डिजाइन , विजेता - 1917

19 . कॉस्ट्यूम डिजाइन , विजेता - जैकलीन दुर्रान ( लिटिल वीमेन )

20 . मेक अप एंड हेयर , विजेता - विवियन बेकर , काजू हीरो , ऐनी मॉर्गन ( बॉम्बसेल )

21 . साउंड , विजेता - 1917

22 . स्पेशल विजुअल्स इफेक्ट्स , विजेता - 1917

23 . ब्रिटिश शॉर्ट एनिमेशन , विजेता - ग्रांडेड वाज ए रोमांटिक

24 . ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म , विजेता - लर्निंग टू अ स्केटबोर्ड इन ए वार जोन ( इफ यू आर ए गल )

नोट : यह पीडीऍफ़ विभिन्न स्रोतों से तथ्य एकत्रित कर बनायीं गयी है | यदि इसमें कोई त्रुटी पायी जाती है तो नॉलेज हब संचालक की जिम्मेदारी नहीं होगी |

अन्य पीडीएफ डाउनलोड करने के लिए यहाँ क्लिक करें या गूगल पर सर्च करें - Knowledge Hub PDF

@knowledgekahub +918619657230 @knowledgekahub

KEEP YOUR SURROUNDING GREEN & CLEAN